डाक पंजीयन क्र. L/ RNP/म.प्र./ मन्दसौर/122/ 2024- 26
ई-पेपर www.guruexpress.live
बात आपकी, शब्द हमारे

# गुरु एक्सप्रेस


सुबह का अख़बार
संपादक – आशुतोष नवाल
वर्ष 19 | अंक 99 | पृष्ठ 4 | मन्दसौर | मंगलवार 21 जनवरी 2025 | मूल्य 2 रुपया




## निमोनिया से बीमार हो रहे बच्चे

### मौसम परिवर्तन के बाद निजात मिलने की संभावना

**मंदसौर, 20 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** ठंड के चलते बच्चो में निमोनिया हो रहा है। बच्चो को सर्दी, जुकाम के साथ ही



बुखार व सांस लेने की समस्या बढ़ रही है। कुछ बच्चों को ओपीडी में उपचार के बाद भर्ती करने की स्थिति भी बन रही है। डाक्टरो के अनुसार 0-1 वर्ष के बच्चों में सबसे ज्यादा निमोनिया की शिकायत आ रही है। जिन्हें ठीक होने में 10-15 दिन लग रहा है। इसके साथ ही ठंड की चपेट में आने से बड़े बच्चों में दस्त, बुखार, सर्दी जुखाम की शिकायत सबसे ज्यादा आ रही है। जिन्हें उपचार के बाद ठंड से बचाव के लिए जरूरी सलाह दी जा रही है। वहीं गंभीर बच्चों को भर्ती कर उपचार किया जा रहा है।

डाक्टरो के अनुसार बच्चों को निमोमिया होने पर तेज बुखार आने की शिकायत होती है। इसके अलावा पहले सूखी खांसी फिर बलगम के साथ खांसी आना, सांस लेने में परेशानी होना या फिर सांस लेने में दर्द का घटना या बढ़ना। बच्चों को भूख न लगना, थकान महसूस करना एवं खेल में रुचि न लेना जैसी अन्य समस्या निमोनिया पीड़ित बच्चों को हो सकती है।

### ठंड से बचाव ही निमोनिया का उपचार...

डाक्टरो के मुताबिक निमोनिया से बचाव के लिए बच्चों को ठंड से बचाने के लिए गर्म कपड़े पहनाकर रखना चाहिए, ताजा व गरम भोजन के साथ पेय पदार्थ देना चाहिए, कई लेयर में कपड़ा पहनाना चाहिए, जिससे शरीर को ठंड नहीं लगती, बच्चों को भरपूर पोषण आहार देना चाहिए। शरीर में पानी की मात्रा बनाए रखने के लिए तरल पदार्थ का सेवन कराना चाहिए।

## भाई ने भाई को पीटा, मामला दर्ज

**पिपलियामंडी, 20 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** मकान विवाद में भाई ने भाई को पीटा, पुलिस ने केस दर्ज किया। अरनिया जटिया, हाल मुकाम संजीत निवासी राजमल पिता भेरुलाल चोधरी ने नाहरगढ़ थाने पर शिक्यत दर्ज कराई कि मकान विवाद को लेकर भाई बद्रीलाल ने घर पर आकर गाली-गलौज कर व मारपीट की व गेती के हत्थे व पत्थर से हमला किया, जिससे कुल्हे पर चोंट आई। पुलिस ने मेडीकल रिपोर्ट के आधार पर केस दर्ज किया।

# स्वच्छता सर्वेक्षण: 9 हजार 500 नहीं, 12 हजार 500 का होगा पेपर..!

## चार चरणों में होगी परीक्षा, इस बार राह और ज्यादा कठिन

**मंदसौर, 20 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** नगरपालिका स्वच्छता की परीक्षा को लेकर तैयारी में जुटी हुई है। पिछली बार मंदसौर का प्रदर्शन कमजोर रहा था। लेकिन, इस बार भी राह कठिन होने वाली है। इसका कारण है कि परीक्षा का पेपर तगड़ा होगा। केंद्र सरकार ने स्वच्छता सर्वेक्षण की गाइड लाइन में बदलाव किया है। इस बार थीम थ्री-आर अर्थात नगरीय निकायों को रीड्यूस रीसाइकिल-रीयज पर काम करते हुए कचरा निस्तारण के सिद्धांत को अपनाना होगा। इसमें एक बड़ा बदलाव करते हुए परीक्षा के अंक बढ़ाकर 12 हजार 500 कर दिए हैं। चार चरणों वाली इस परीक्षा में पहले कुल 9 हजार 500 अंक थे। दूसरा बड़ा बदलाव करते हुए सर्विस लेवल प्रोग्रेस पैरामीटर अब 6 की जगह 10 भागों में बांटते हुए इसके अंक 4 हजार 830 से बढ़ाकर 10 हजार कर दिए हैं। ऐसे में इस बार परीक्षा और कठिन होगी और प्रत्येक पैरामीटर का पालन करना होगा। बाकी 2 हजार 500 अंक ओडीएफ, डबल प्लस व वाटर प्लस और गार्बेज फ्री सिटी के रखे हैं।

### पिछली बार नीचे खिसका था मंदसौर...

स्वच्छता सर्वेक्षण 2023 की लिस्ट में मंदसौर नगर पालिका पिछड़ गई थी। एक लाख तक की आबादी वाले शहरों में मंदसौर नगर पालिका को देश में 51वां और प्रदेश में 15वां स्थान मिला था। जबकि, इससे एक साल पहले 2022 में देश में 32वां और प्रदेश में 9वां स्थान मिला था। वर्ष 2021 की स्वच्छता रेटिंग में मंदसौर नगर पालिका देश में 63वें और प्रदेश में 7वें स्थान पर थी। पिछली बार 19 पायदान गिरकर 51वे नंबर पर पहुंच गया है। प्रदेश में भी 6 पायदान की गिरावट हुई है।

### इस तरह होगा अंक का वितरण...

| | |
|---|---|
| प्रथम फेज | -500 |
| द्वितीय फेज | -500 |
| तृतीय व चतुर्थ फेज | -9000 |
| ओडीएफ, ओडीएफ डबल प्लस, वॉटर प्लस | -1200 |
| गार्बेज फ्रि सिटी | -1300 |

### ये चरण हो चुके हैं पूरे...


पहले दो चरणों में शहर की सफाई के विभिन्न मापदंडों पर नागरिकों से टेलीफोन पर फीडबैक लिया है। तीसरे चरण के लिए बल्क वेस्ट जेनरेटर का फील्ड मूल्यांकन किया है। अब मुख्य सर्वे होगा।



# रेस्टोरेंट में घुसकर वेटर को चाकू मारा था

## पुलिस ने दो लोगों पर प्रकरण दर्ज किया, दोनों फरार

**मंदसौर, 20 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** शहर के खाटू श्याम मंदिर व बजाज शोरूम के पास में स्थित सिद्धि विनायक रेस्टोरेंट मे बीती 18 जनवरी की रात क़ो कुछ युवाओ ने किसी बात पर रेस्टोरेंट संचालक से विवाद कर मारपीट की और वेटर को चाकू मर दिया। मामले में पुलिस ने दो लोगो के विरुद्ध प्रकरण दर्ज किया। जबकि, मारपीट करने वाले करीब एक दर्जन युवा थे।



दरअसल कुछ युवा रेस्टोरेंट में खाना खाने आये थे। खाना खाने के दौरान टेबल नंबर 4 पर बैठे जतिन पहलवानी और उसका साथी तथा टेबल नंबर 7 पर युवराज व इमरान के बिच किसी बात क़ो लेकर विवाद हो गया था। तब होटल का वेटर लोकेश लबाना दोनों पक्षों क़ो समझाने लगा और रेस्टोरेंट के संचालक क़ो फोन लगाकर पूरा मामला बताया। जानकारी मिलने पर रेस्टोरेंट संचालक बसंत प्रजापत आए और दोनों पक्षों क़ो समझाकर घर भेज देते हैं।

लेकिन, कुछ देर बाद युवराज और इमरान अपने एक दर्जन से अधिक साथियो क़ो लेकर आए और रेस्टोरेंट के स्टॉफ लोकेश व मालिक़ बसंत के साथ गाली गलोच कर मारपीट करने लगे। उनमे से एक युवक ने लोकेश लबाना पर चाकू से जानलेवा हमला कर दिया, जिसमें लोकेश बुरी तरह घायल हो गया। युवराज व इमरान के साथ आये युवाओं ने रेस्टोरेंट पर आतंक मचाया, सरे आम गुंडागर्दी की। सीसीटीवी में कैद घटनाक्रम से पता चला कि फ़िल्मी स्टाइल में आये बदमाशो ने कुछ देर तक कोहराम मचाया और धमकी देकर गए की आगे से हमें रोकने की कोशिश मत करना। घटना के बाद बसंत प्रजापत ने पुलिस क़ो सुचना दी। पुलिस मौके पर आई और फिर बसंत प्रजापत ने थाने जाकर प्रकरण दर्ज करवाया। इस घटना में एक दर्जन लोग शामिल थे। लेकिन, पुलिस ने दो लोगों पर ही प्रकरण दर्ज किया।

## सूर्य की तपन से तापमान में बढ़ोतरी, ठंड से राहत

**मंदसौर, 20 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** शहर सहित अंचल में पिछले दो दिनों से लोगों को कड़ाके की ठंड से राहत मिल रही है। सोमवार की सुबह धूप खिली और साफ आसमान के चलते सूर्य की तपन से तापमान में बढ़ोतरी हुई। जिसने लोगों को और राहत दी।

मौसम विभाग के अनुसार वर्तमान में अधिकतम तापमान 26.5 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 13 डिग्री सेल्सियस के आसपास बना हुआ है। राहत की बात यह है कि मौसम विभाग ने आने वाले तीन दिनों के लिए न तो कोहरे और न ही शीत लहर का कोई अलर्ट जारी किया है। इस दौरान मौसम साफ रहने और धूप खिलने की संभावना है। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार, वर्तमान में प्रदेश में ठंड का जो असर दिख रहा है, वह बर्फीली हवाओं के कारण है। विशेष रूप से प्रदेश के पूर्वी क्षेत्रों में रात्रि के तापमान में अधिक गिरावट देखी जा रही है। सोमवार को जेट स्ट्रीम हवाएं 240 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चलीं और मंगलवार को भी इसी तरह का मौसम बने रहने का अनुमान है।

## अभिभाषक संघ के चुनाव संपन्न

### अध्यक्ष और सचिव दोनों रिपीट, पंवार अध्यक्ष तो सचिव जैन निर्वाचित हुए

उमेश परमार

**मंदसौर, 20 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** सोमवार को न्यायालय परिसर में सुबह से ही गहमागहमी का माहौल था। कोई हाथ जोड़ रहा था तो कोई किसी की मनूहार करता दिख रहा था। प्रयोजन था मंदसौर जिला अभिभाषक संघ के चुनाव का। यहां अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव, सहसचिव और कार्यकारिणी के सात सदस्यों के लिए मतदान हुआ। कोषाध्यक्ष और पुस्तकालय सचिव पूर्व से ही निर्विरोध निर्वाचित हो चुके थे। अध्यक्ष पद पर पुन: तीसरी बार रघुवीरसिंह पंवार और सचिव पद पर प्रवीण जैन निर्वाचित हुए।



जिला अभिभाषक संघ के चुनाव सोमवार को न्यायालय परिसर में हुए। अध्यक्ष पद पर रघुवीर सिंह पवार और ललित मखीजा के बीच मुकाबला हुआ। जिसमें रघुवीर सिंह पवार 335 मत प्राप्त कर विजय हुए। वहीं उपाध्यक्ष पद पर तीन उम्मीदवार मैदान में थे। जिनमें अजय भावसार, शांतिलाल सोनी, भूपेश जैन उम्मीदवार थे। इनमें अजय भावसार को सर्वाधिक 262 मत प्राप्त हुए। इसी प्रकार सचिव पद पर दो उम्मीदवार प्रवीण जैन और गोपाल कुमावत उम्मीदवार थे। इनमें प्रवीण जैन को 305 मत मिले। सह सचिव पद पर प्रवीण सोनी और दिनेश पाटीदार के मध्य मुकाबला मुकाबला हुआ। जिसमें प्रवीण सोनी 342 वोट प्राप्त कर विजय हुए। जबकि, कोषाध्यक्ष पद पर कोषाध्यक्ष सुनील सिंह गौतम और पुस्तकालय सचिव पद पर विजय असेरी पूर्व से ही निर्विरोध निर्वाचित हो चुके थे। कार्यकारिणी के सात सदस्यों के लिए आठ उम्मीदवारों के बीच मुकाबला हुआ। जिसमें शकुंतला नागदा, अनिल शर्मा, वीरेंद्र भादविया, धर्मेंद्र सोलंकी, अनुराग दिवाकर, चंद्रेश कुमार सोलंकी, अजय पुरावत निर्वाचित घोषित किए गए। सभी विजय उम्मीदवारों को निर्वाचन अधिकारी प्रफुल्ल यजुर्वेदी और टीम ने प्रमाण पत्र वितरित किए। देर शाम परिणाम आने के बाद विजय उम्मीदवारों के पक्ष में ढोल नगाड़ों और भव्य आतिशबाजी कर और मिठाई वितरित कर जश्न मनाया गया।

## घोड़ारोज का बच्चा आने से पिपलिया नप अध्यक्ष का वाहन दुर्घटनाग्रस्त

**पिपलियामंडी, 20 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** घोडारोज का बच्चा आगे आने से पिपलिया नप अध्यक्ष का वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो गया, गनीमत रही किसी को चोंट नही आई। जानकारी के अनुसार सोमवार को पिपलिया नगर परिषद् अध्यक्ष श्रीमती इंदिरा सुनील देवरिया अपने मायके अरनिया माली (मनासा) पारिवारिक कार्यक्रम शामिल होने जा रही थी। स्कार्पियो वाहन (एमपी 13 जेडएल 7951) ड्राइवर शिवा मराठा चला रहा था। इसी दौरान शाम 5 बजे करीब बंड पिपलिया (नारायणगढ़) के यहां वाहन के आगे तीन घोडा रोज निकले। एक घोड़ारोज का बच्चा वाहन के टकरा गया, जिससे वाहन के आगे का हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। गनीमत रही वाहन में सवार नप अध्यक्ष सहित किसी भी रिश्तेदार को चोंट नही आई।

## दुर्घटना रोकने के लिए सर्वे पूरा, सीतामऊमार्ग पर मिली पांच खामियां

**मंदसौर, 20 जनवरी गुरु एक्सप्रेस। जिले में सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए एक बार फिर प्रयास शुरु किये गये है। यातायात पुलिस, एमपीआरडीसी और टोल कंपनी ने संयुक्त रूप से मंदसौर-सीतामऊमार्ग का सर्वे किया, जो एक सप्ताह बाद सोमवार को पूरा हुआ। पिछले एक दशक के आंकड़ों के अनुसार, जिले में सबसे अधिक दुर्घटनाएं इसी मार्ग पर होती हैं।**



सर्वे के दौरान नई आबादी, अफजलपुर और सीतामऊ के थाना प्रभारियों की उपस्थिति में कई खामियां सामने आई। सड़क के किनारों पर भराव और लेवलिंग की आवश्यकता पाई गई। सभी मोड़ों पर रात्रि में बेहतर दृश्यता के लिए रोड स्टड और कैट आई लगाने की सिफारिश की गई। इसके अलावा, मुख्य मार्ग से जुड़ने वाले कनेक्टिंग मार्गों पर स्पीड ब्रेकर और रंबलर स्ट्रिप्स लगाने की योजना बनाई गई है।

सर्वे टीम ने उन स्थानों की भी पहचान की है जहां पेड़-पौधों और झाड़ियों के कारण दृश्यता प्रभावित होती है। इन स्थानों पर नियमित कटाई-छंटाई का काम किया जाएगा। साथ ही, मार्ग पर आवश्यक चेतावनी और सूचना बोर्ड लगाने के लिए स्थानों को चिह्नित किया गया है। ये सभी सुधार कार्य मध्य प्रदेश सडक विकास निगम के मार्गदर्शन में टोल कंपनी द्वारा किए जाएंगे।

## भतीजों पर मारपीट का प्रकरण दर्ज

**पिपलियामंडी, 20 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** बाडे में हिस्से की बात को लेकर मारपीट के मामले में पुलिस भतीजों पर केस दर्ज किया। ढाबला निवासी प्रकाश पिता मांगीलाल बावरी ने नारायणगढ़ थाने पर शिकायत दर्ज कराई कि मेरे भाई कालूलाल के बेटे लालूराम व दिनेश मुझसे बोले कि तुमने जो बाडा बेचा है, उसमें हमारा भी हिस्सा था और गाली-गलौज कर लात-घुसों से पीटा, जिससे नाक, पसली, पीठ पर अदंरुनी चोंटे आई। पुलिस ने दोनों भतीजों पर केस दर्ज किया।

**जुआ खेलते 4 को पकड़ा-**पुलिस ने जुआ खेलते हुए चार आरोपियों को पकड़ा। पिपलिया पुलिस ने बोतलगंज में स्कूल दिवार के पीछे ताशपत्ती से जुआ खेलते हुए युसुफ पिता मुश्ताक डन्डु व आशिक पिता सुल्तान न्यारा को पकड़ा। इसी तरह यात्री प्रतीक्षालय की आड़ में जुआ खेलते आबिर पिता बाबू न्यारा व शकील पिता सत्तार न्यारा को पकडा।



### डिप्टी सीएम ने चलाई तलवार

**मंदसौर, 20 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** प्रदेश के उपमुख्यमंत्री और मल्हारगढ़ विधायक जगदीश देवड़ा ने एक बार फिर तलवार चलाई। दरअसल मल्हारगढ़ विधानसभा के गांव लदूसा में श्री सांवलिया सेठ मंदिर की तृतीय वर्षगांठ पर आयोजित उत्सव में अखाड़े का प्रदर्शन चल रहा था। यहां श्री देवड़ा तलवार को देखकर अपने आपको नहीं रोक सके। करीब 60 वर्ष की उम्र को पार कर चुके डिप्टी सीएम एक युवा की भांती तलवार घूमाते हुए नजर आए।

## सीतामऊ में अब तक की सबसे बड़ी कार्यवाही, करोड़ों रूपये कीमती भूमि को अतिक्रमण से कराया मुक्त

### लगातार तीसरे दिन भी एसडीएम के साथ सड़क पर घूमता रहा दल, ठेले, गुमटियों के साथ दुकानदारों पर भी दिखाई सख्ती

**सीतामऊ, 20 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** सीतामऊ में होने वाले साहित्यिक महोत्सव के शुरू होने से पहले प्रशासन पूरी तरह तैयारियों में लगा है। लगातार तीन दिनों से सीतामऊ राजस्व और नगर परिषद के अधिकारियों ने मिलकर पूरे नगर में एक साथ अतिक्रमण हटाने का अभियान चलाया। जिसमें कई अवैध गुमटियों, दुकानों के बाहर बने शेड ओर पक्के निर्माण को टीम द्वारा तुड़वाया गया। जिनको पूर्व में अतिक्रमण हटाने की सूचना दी गई थी, ऐसे लोगो द्वारा गुमटियां नहीं हटाने पर नगर परिषद द्वारा उनको जप्त किया गया। बीते दो दिनों तक प्रशासन द्वारा सीतामऊ- मंदसौर रोड पर श्रीराम विद्यालय के बाहर रखी अवैध गुमटियों से लेकर तहसील कार्यालय के बाहर रखी गुमटियां हटाई गई थी तो वहीं सोमवार को चले अभियान के दौरान बस स्टेंड, सुवासरा रोड पर आदर्श होटल के आसपास क्षेत्र का अतिक्रमण हटाया गया।



इसी दौरान आदर्श होटल के पीछे स्थित प्राचीन भोलेनाथ मंदिर पर जाने के रास्ते को भूमाफियों द्वारा अतिक्रमण कर बंद कर दिया था। जिसको प्रशासन द्वारा खुलवाया गया ओर मंदिर परिसर से भी अतिक्रमण हटाकर मंदिर की सफाई एवं बाउंड्रीवाल बनवाने के निर्देश नगर परिषद को दिये गए।

इसी दौरान आदर्श होटल के पीछे स्थित 1361, 1362, 669 ओर 670 जो की करोड़ो रूपये की भूमि है और भूमाफियों द्वारा उक्त भूमि को कब्जे में लेकर स्वयं की होने का दावा लम्बे समय के किया जा रहा था। उसको भी अतिक्रमण से मुक्त करवाकर वहां शासन के स्वामित्व का बोर्ड लगाया गया। शहर में तीन दिनों से चल रही इस कार्यवाही के बाद शहर की रौनक भी बदलती हुई नजर आ रही है। लदुना चौराहे ओर बस स्टेंड पर प्रतिदिन लगने वाले जाम से लोगों को राहत मिली है तो वहीं सब्जियों से लेकर हाथठेला वाले शहर की यातायात व्यवस्था में बाधा उत्पन नहीं कर रहे है।

### इनका कहना...

पिछले तीन दिनों से शहर को अतिक्रमण से मुक्त करने का अभियान चलाया जा रहा है। हमारा उद्देश्य अतिक्रमण मुक्त सीतामऊका है ओर यह अभियान लगातार जारी रहेंगे। आप देख सकते है कि किस तरह से अतिक्रमणकर्ताओं ने शहर के मुख्य मार्गो, चौराहों से लेकर भगवान के मंदिरों को भी नहीं छोड़ा है। इसी लिए यह अभियान चलाना पड़ा। मै शहर के व्यापारियों से भी अनुरोध करना चाहूंगी की वह प्रशासन का सहयोग करे और अपनी दुकानों के बाहर लगे शेड को स्वत: ही हटा लेवे, ताकि प्रशासन को नहीं हटाना पड़े। जो लोग हाथठेलों पर ही जीवन यापन निर्भर करते हैं। उनको एसी जगह शिफ्ट किया जा रहा है, जहां से उनका व्यापार भी चलता रहे और शहर की यातायात व्यवस्था भी प्रभावित नहीं हो ओर आगे भी यह अभियान निरंतर जारी रहेगा।

**शिवानी गर्ग, एसडीएम सीतामऊ**

## अपहृत नाबालिग को पुलिस ने खोजा, आरोपी गिरफ्तार, न्यायालय ने जैल भेजा

**मंदसौर, 20 जनवरी गुरु एक्सप्रेस। अभिनंदन परिक्षेत्र से एक नाबालिग को युवक बहला फुसलाकर अपने साथ भाग ले गया। उसके बाद पुलिस ने केस दर्ज कर का नाबालिग की तलाश शुरू की। पुलिस ने नाबालिग को इंदौर से ढूंढ निकाला। मामले में आरोपी युवक को गिरफ्तार कर उसे न्यायालय में पेश किया गया। जहां से उसे जैल भेज दिया गया।**

पुलिस ने बताया कि बीती 09 जनवरीको अभिनंदन नगर निवासी ने रिपोर्ट दर्ज कराई। उसने बताया कि उसकी पुत्री उम्र 15 साल को कोई अज्ञात बदमाश 08 जनवरी की रात्री में बहला फुसलाकर अपने साथ ले गया है। बालिका के निवास के पड़ोसियों से घटना के संबंध में पूछताछ की गई। बालिका के विद्यालय जहां वह पढ़ने जाती थी, वहां से भी जानकारी प्राप्त की जाकर साक्ष्य संकलित किए गए। इन सबसे मिली जानकारी के आधार पर अलग-अलग पुलिस टीम गरोठ, उज्जैन, रतलाम एवं इंदौर की ओर लगातार रवाना कर बालिका का पता लगाने के प्रयास किए गए। अंतत: शहर कोतवाली मंदसौर पुलिस द्वारा नाबालिग बालिका को मांगलिया इंदौर क्षेत्र में होने की जानकारी मिली। जिसके बाद आरोपी अजय सौलंकी को पकड़ने में सफलता मिली। उक्त अपराध में बालिका के कथनों के आधार पर पाक्सो एक्ट एवं बलात्कार से संबंधित सुसंगत धाराओं को बढ़ाया गया है। प्रकरण में मेडिकल परीक्षण एवं अन्य वैधानिक कार्यवाही की जाकर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया। जहां से उसे जैल भेज दिया गया।

### इंस्टाग्राम से हुई थी दोस्ती...

दरअसल नाबालिग अपने मोबाईल पर इंस्टाग्राम चलाती थी। इसे ऐप से उसकी अजय सौलंकी निवासी ग्राम गढ़ा, तहसील घट्टिया जिला उज्जैन से दोस्ती हुई। जिसके बाद किशोरावस्था वाला प्यार पनपा। आपस में मिलने की चुल्ल उठी तो उससे मिलने अजय सौलंकी मंदसौर आ गया। यहां से वह नाबालिग को जबरन अपने साथ ले गया। जिसे इंदौर से गिरफ्तार कर लिया गया। नाबालिग को परिजनो के सुपुर्द किया गया।

# स्व. बंधवार की पुण्यतिथि पर बच्चों को स्वेटर वितरीत किए



**मंदसौर, 20 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** पूर्व नपाध्यक्ष स्व. श्री प्रहलादजी बंधवार की षष्ठम पुण्यतिथि के पावन अवसर पर बंधवार परिवार के द्वारा सोमवार को ग्राम अलावदाखेड़ी के प्राथमिक विद्यालय में अध्यनरत सभी 109 विद्यार्थियों को ठण्ड से बचाव हेतु स्वेटर का वितरण किया गया। भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य श्री अनिल कियावत, नपा उपाध्यक्ष श्रीमती नम्रता प्रीतेश चावला, भाजपा मंदसौर उत्तर मण्डल अध्यक्ष श्री अरविन्द सारस्वत, भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष श्रीमती निर्मला गुप्ता, पूर्व जनपद सदस्य श्री जगदीश गुर्जर ढिकोला, युवा भाजपा नेता श्री राजेश गुर्जर, पार्षद श्रीमती सुनीता नंदलाल गुजरिया के आतिथ्य में एवं बंधवार परिवार के श्री बद्रीलाल बंधवार, श्रीमती कौशल्या प्रहलाद बंधवार, नरेन्द्र बंधवार की गरिमामय उपस्थिति में विद्यार्थियों को ठण्ड से बचाव हेतु स्वेटर का वितरण किया गया।

इस अवसर पर महिला नेत्री रानू भावसार, बंधवार परिवार के स्नेहीजन सर्वश्री नीतिन जैन (नगरीवाला), खोजेमा भाई चौमेहला वाला, पारूल जैन, आशीष जैन, अमित रामावत, निलेष डोसी, हितेश रामावत, चन्द्रप्रकाश आड़वानी, जितेन्द्र सेन, राहुल प्रजापत, कपिल परमार, दिपेन्द्र सेंगर, अभिषेक शुक्ला, दीपक मिश्रा, राहुल तरवेचा, अंशुल जैन, बंटी चौहान, बंशी राठौर, मध्यप्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ के जिला महासचिव संजय भाटी, विद्यालय के प्रधानाचार्य जगदीश शर्मा, श्रीमती लाडकुंवर पंवार, श्रीमती पुष्पलता पंवार, मेघा खत्री आदि ने भी स्व. श्री प्रहलाद बंधवार के चित्र पर माल्यार्पण किया और उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किये। भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य श्री अनिल कियावत ने कहा कि आज स्व. श्री बंधवार की षष्ठम पुण्यतिथि है। उनके परिवार के द्वारा प्रतिवर्ष उनकी पुण्यतिथि पर मानव सेवा का कार्य किया जाता है। आज इस विद्यालय में स्वेटर वितरण का कार्यक्रम रखा है, इससे इस विद्यालय के बच्चों को लाभ होगा आपने इस अवसर पर स्व. श्री बंधवार के साथ राजनीतिक सामाजिक क्षेत्र में किये गये कार्यो को भी बताया। नपा उपाध्यक्ष श्रीमती नम्रता प्रीतेश चावला ने कहा कि मंदसौर नगर के विकास में स्व. श्री बंधवार का महत्वपूर्ण योगदान है। वे 8 वर्ष की अवधि में दो बार नपाध्यक्ष रहे। उन्होंने नगर विकास के जो काम किये उन्हें जनता आज भी याद करती है। भाजपा उत्तर मण्डल अध्यक्ष श्री अरविन्द सारस्वत ने कहा कि श्री प्रहलाद बंधवार भले ही शरीर से हमारे साथ नहीं है लेकिन उनकी प्रेरणा हमें निरंतर जनसेवा की ओर प्रेरित करती है। प्रसन्नता की बात है कि उनका पूरा परिवार उनके बताये मार्ग पर चल रहा है। भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष श्रीमती निर्मला गुप्ता, युवा नेता राजेश गुर्जर, जगदीश गुर्जर ढिकोला ने भी अपने विचार रखे तथा स्व. श्री प्रहलाद बंधवार के द्वारा किये गये कार्यों को विस्तार से बताया। कार्यक्रम का संचालन नीतिन जैन नगरीवाला ने किया तथा आभार नरेन्द्र बंधवार ने माना।

# बसंत पंचमी पर समस्त ब्राह्मण समाज सामूहिक रूप से करेगा सरस्वती पूजन



**मंदसौर, 20 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** आगामी 2 फरवरी 2025 को बसंत पंचमी पर ब्राह्मण समाज मां सरस्वती की पूजन सामूहिक रूप से करेगा। यह निर्णय समाज की मासिक बैठक में लिया गया।

समाज के अध्यक्ष पं. दिलीप दुबे ने बताया कि समाज की मासिक बैठक संपन्न हुई जिसमें समाज के वरिष्ठजनों के मार्गदर्शन में कई अहम निर्णय लिए गए। आगामी 2 फरवरी को बसंत पंचमी पर्व आने वाला है जिसमे समस्त ब्राह्मण समाज सामूहिक रूप से सरस्वती पूजन करेगा। बैठक में निर्णय लिया गया की पशुपतिनाथ मंदिर स्थित संस्कृत पाठशाला परिसर पाठशाला के आचार्य तथा बटुको के साथ दिनांक 2 फरवरी 2025 को प्रात: 10 बजे यह पूजन कार्यक्रम किया जायेगा जिसमे सभी ब्राह्मण समाज के बंधु, मातृशक्ति की भी भागीदारी रहेगी। बैठक में यह भी तय किया की सरस्वती पूजन में सभी बंधु पीला वस्त्र धारण करके कार्यक्रम में भाग लें। इस कार्यक्रम के प्रभारी डॉ. क्षितिज पुरोहित रहेंगे। सभी ब्राह्मण बंधु मां सरस्वती पूजन कार्यक्रम में समय पर पधार कर सआनंद अपनी सहभागिता कर कार्यक्रम को सफलता प्रदान करें। बैठक में यह भी तय किया गया की समाज के सभी बंधु को एकजुट करने हेतु वार्ड/बस्ती प्रमुख बनाए जाए तथा सरकारी योजनाओं का लाभ भी समाज के बंधुओं को ज्यादा से ज्यादा मिले इसके लिए भी कार्य योजना बनाई जाय। इन विषयों पर सभी समाज के वरिष्ठद्वारा गहन चर्चा की गई। बैठक में समाज के गोपालकृष्ण पंचारिया, प्रमोद पारिख, सुनील व्यास, सुरेश शर्मा, डॉ. क्षितिज पुरोहित, श्रीकांत वाजपेई, योगेश शर्मा, अनिल श्रोतीय, पुरुषोत्तम शर्मा, मुकेश, सावन शर्मा, सनत कुमार जोशी, रामसेवक शर्मा, ब्रजेश सनाढ्य, दिलीप दुबे, नरेंद्र शर्मा, प्रतीक व्यास, राजेश शुक्ला, संजीव त्रिवेदी, प्रहलाद शर्मा, नरेंद्र शर्मा, अनिल ओझा सहित कई समाज बंधु उपस्थित थे।

# श्री द्वारकाधीश मंदिर में पाटोत्सव सम्पन्न



**मंदसौर, 20 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** श्री पीपा क्षत्रिय समाज ट्रस्ट द्वारा श्री पशुपतिनाथ मंदिर के निकट स्थित श्री द्वारकाधीश मंदिर पर ग्यारहवां पाटोत्सव पर्व मनाया गया जिसमें भगवान श्री द्वारकाधीश जी का अभिषेक प्रात: 7 बजे किया गया। इस पर्व पर मंदसौर शहर ही नहीं बल्कि आसपास के ग्रामीण अंचलों के समाज बंधुओं ने उपस्थित होकर धर्म लाभ लिया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में विधायक श्री विपिन जैन, सहायक कमांडेंट नीमच श्री मुकेश गहलोत, अरुण पंवार, सेवानिवृत शिक्षक लदुना अशोक आड़ा, शिवनारायण मकवाना, बंसीलाल आड़ा खेरोट, खेमराज आड़ा आंत्रीमाता, डॉ.जगदीश जीरापुर, पंकज पंवार रतलाम आदि मंचासिन थे। सर्वप्रथम अतिथियों द्वारा श्री द्वारकाधीश भगवान के दर्शन किये तत्पश्चात गुरु महाराज के चित्र के सम्मुख दीप प्रजावलित कर पुष्पमाला अर्पित की। सभी अतिथियों का स्वागत पूर्व अध्यक्ष अंबालाल देवड़ा, मदन कुमार गहलोत, जुगल किशोर सोलंकी, रमेशचंद पवार, सुनील पालीवाल, देवप्रकाश चावड़ा, सुभाष पंवार, शिवरामण सिंह पंवार, प्रकाश पालीवाल, दशरथ पंवार, पीपा क्षत्रिय समाज ट्रस्ट के अध्यक्ष आनंद भाटी, उपाध्यक्ष ओमप्रकाश पालीवाल, सचिव मुकेश सोलंकी, सहसचिव महेश पंवार, कोषाध्यक्ष रमेशचंद्र पालीवाल, संगठन मंत्री ललित भाटी आदि ने किया। स्वागत उद्बोधन ट्रस्ट अध्यक्ष आनंद भाटी ने दिया। मुख्य अतिथि ने अपने उद्बोधन में कहा कि ईश्वर के प्रति भक्ति और दिया गया दान कभी व्यर्थ नहीं जाता अत: प्रसन्न तथा श्रद्धा भक्ति से धर्म के कार्य में सहयोग देना चाहिए। मंच संचालन अरुण सोलंकी ने किया एवं आभार मदन गेहलोत ने किया। यह जानकारी मीडिया प्रभारी ललित भाटी द्वारा दी गई।

# समर्थन मूल्य पर गेहू उपार्जन हेतु पंजीयन 31 मार्च तक करें

**मंदसौर, 20 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** जिला आपूर्ति अधिकारी द्वारा बताया गया कि रबी विपणन वर्ष 2025-26 में समर्थन मूल्य पर गेहू उपार्जन हेतु कृषक पंजीयन 20 जनवरी 2025 से 31 मार्च 2025 तक करा सकते है। जिले में रबी विपणन वर्ष 2025-26 में समर्थन मूल्य पर गेहू उपार्जन हेतु जिले में 77 पात्र संस्थाओं को पंजीयन केन्द्रो निर्धारण किया गया है। रबी विपणन वर्ष 2025-26 में गेहूं का समर्थन मूल्य रूपये 2425/- निर्धारित किया गया है।कृषको से अनुरोध है कि समय-सीमा में अपने नजदीकी पंजीयन केन्द्र पर जाकर नि:शुल्क पंजीयन फार्म प्राप्त कर अपना पंजीयन करावे। कृषको की सुविधा हेतु अधिकृत एमपी ऑनलाईन, कांमन सर्विस सेंटर पर सशुल्क तथा अपने मोबाईल पर किसान एप पर भी अपना पंजीयन करा सकते है। किसान पंजीयन के लिए कृषक पंजीयन केन्द्र पर भूमि संबंधी दस्तावेज़ एवं किसान के आधार कार्ड, बैकपासबुक एवं फोटो पहचान हेतु आवश्यक दस्तावेज लाना अनिवार्य होगा।रबी विपणन वर्ष 2025-26 में समर्थन मूल्य पर गेहू उपार्जन हेतु किसान अपना पंजीयन शासन द्वारा निर्धारित समय सीमा में करवायें।

# मध्यप्रदेश शिक्षक संघ के विभिन्न इकाईयों के निर्वाचन सम्पन्न



**मंदसौर, 20 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** मध्य प्रदेश शिक्षक संघ द्वारा जिला स्तरीय चुनाव संचालन समिति के निर्देशानुसार तीन छत्री बालाजी मंदिर खानपुरा मंदसौर पर विभिन्न तहसील व ब्लॉक इकाईयों के निर्वाचन संपन्न हुए। प्रदेश शिक्षक सम्मान प्रकोष्ठ प्रमुख अखिलेश मेहता तथा रामचन्द्र लोहार प्रदेश सह मीडिया प्रभारी की उपस्थिति व पर्यवेक्षण में निर्वाचन प्रक्रिया पूर्ण हुई। निर्वाचन पारदर्शी और निष्पक्ष तरीके से पूर्ण हुआ एवं उसकी उपस्थित कार्यकर्ताओं ने प्रशंसा की गई।

जिसमें मंदसौर ब्लॉक कार्यकारिणी के अध्यक्ष रघुवीर सिंह सिसोदिया, सचिव भेरूलाल सोनार्थी, कोषाध्यक्ष जुझार लाल चौहान, उपाध्यक्ष भीमसिह सोनगरा, सहसचिव मानक लाल जैन, संगठन मंत्री शंभू सिंह चुंडावत, सह संगठन मंत्री जितेंद्र सिंह राणा व कार्यकारिणी सदस्य दुर्गालाल धाकड़, राजेंद्र मेडतवाल, सुखलाल दानेश्वर, मुन्नी डेरिंग, राधेश्याम कुमावत, ओमप्रकाश वाकतरीया निर्वाचित हुए। मंदसौर तहसील कार्यकारिणी के अध्यक्ष शिवनारायण मंडवारिया, सचिव सोहनसिंह डोडिया, कोषाध्यक्ष विष्णु सुनार्थी, उपाध्यक्ष रामसुख राठौर, सहसचिव गोवर्धनलाल चिचानी, संगठन मंत्री परमेश्वर शक्तावत, सह संगठन मंत्री अशोक नागदा, कार्यकारिणी सदस्य रमेशचंद्र कुमावत, जवाहरलाल सुनार्थी, मुकेश कुमार राठौर, निलेश मकवाना, गणपत लाल राठौर, रामगोपाल सालित्रा निर्वाचित हुए। इसीह प्रकार दलौदा तहसील कार्यकारिणी के अध्यक्ष दिनेश दास बैरागी, सचिव महेंद्र सिंह चौहान, कोषाध्यक्ष हरदेव सिंह सिसोदिया, उपाध्यक्ष प्रदीप पाटीदार, सहसचिव कल्पना शर्मा, व संगठन मंत्री घनश्याम झरिया, सह संगठन मंत्री कैलाश चंद्र शर्मा, रामेश्वर शर्मा, कार्यकारिणी सदस्य रामचंद्र दिया, जितेंद्र सिंह राठौड़, रामप्रसाद रणवारिया, कृष्णा बैरागी निर्वाचित हुए। मंदसौर नगर कार्यकारिणी के निर्वाचन में अध्यक्ष मेघा गुप्ता, सचिव राधा बैरागी, कोषाध्यक्ष गिरिजा मंगोलिया, उपाध्यक्ष लोकेंद्र सिंह देवड़ा, सहसचिव रेखा रानी मेडतवाल, कार्यकारिणी सदस्य कीर्ति सक्सेना, गुणमाला सोनी, रश्मि भावसार, सुनीता मुजावदिया, मंजू भट्ट, शालिनी सोलंकी निर्वाचित हुए। तहसील सुवासरा की कार्यकारिणी में अध्यक्ष उमेश तिवारी, सचिव सुरेश डपकरा, कोषाध्यक्ष बाबूलाल राठौर, उपाध्यक्ष लक्ष्मी नारायण राठौर, सहसचिव शैलेंद्र कुमार बैरागी, संगठन मंत्री पुरुषोत्तम व्यास, सह संगठन मंत्री शांतिलाल मीणाकार्यकारिणी सदस्य जीवन सिंह देवड़ा, अर्जुन सिंह तंवर, भीष्म सोनी, संजय पोरवाल, प्रवीण जोशी, बालचंद देवड़ा निर्वाचित हुए।

# सद्गुणों को अपनाने से सत्चरित्र का निर्माण होता है



**मंदसौर, 20 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** आध्यात्मिक चेतना अभियान द्वारा श्री सांई मंदिर माल गोदाम रोड के सभागार में आध्यात्मिक संवाद का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर प्रमुख वक्ता श्री प्रकाश रातडिया ने कहा कि वर्तमान काल की सभी समस्याओ की मूल जड चरित्र का संकट है। आपने कहा कि सदगुणो को अपनाने से सत्चरित्र का निर्माण होता है। सभी प्रकार के व्यसन चरित्र निर्माण में बाधक है। मांसाहार, मदिरा पान ओर पर स्त्री गमन के व्यसन चरित्र का हनन करते है। देर से सोना एवं देर से उठना, होटल में खाना, देह प्रदर्शन, अशालिन संवाद एवं मोबाईल का व्यसन के रूप में उपयोग आधुनिक व्यसन है। इनसे मुक्ति के लिये सदगुणों को अपनाने की आवश्यकता है। आपने कहा कि धन और स्वास्थ्य जीवन के लिये आवश्यक है किन्तु इनसे महत्वपूर्ण चरित्र है। सत्यसांई प्रवक्ता पंडित प्रकाश दीक्षित ने कहा कि प्रत्येक मनुष्य को आत्म अवलोकन कर अपने जीवन का परिष्कार करने की आवश्यकता है। पूर्व प्राचार्य डॉ बी. आर. नलवाया ने कहा कि किसी भी कार्य का औचित्य स्वविवेक से निर्धारित किया जाना चाहिये। लोगो की प्रतिक्रिया उत्साह जनक नही होती है उससे प्रभावित हुये बिना अपने लक्ष्य के लिये कार्य करना चाहिये। श्री यशवंत प्रजापति, श्री राजकुमार जसवंत, श्री राजेन्द्र दायमा, श्री सिरुमल आसवानी श्री अजय डांगी, श्री राजेन्द्र तिवारी ने मंगलाचरण, गीत, भजन एवं विचार व्यक्त किये। श्री कृष्णकुमार जोशी, श्री त्रिलोचंदसिंह छाबडा, श्री अजीत कुमार नाहर, श्री लालचंद गिदवानी, श्री भेरूलाल पटेल, श्री सत्य नारायण भूरिया ने संवाद में सहभागीता की। संचालन श्री रमेश ब्रिजवानी ने किया व आभार प्रदर्शन श्री प्रकाश चंदवानी ने किया।

# कालेज चलो अभियान अंतर्गत विद्यालयों का किया भ्रमण

**मंदसौर, 20 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** प्रियदर्शिनी इंदिरा गांधी शासकीय कन्या महाविद्यालयब मंदसौर के प्राचार्य डा.पी.एल.पाटीदार ने बताया कि कालेज चलो अभियान के अंतर्गत आगामी शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए प्रदेशभर में कालेज चलो अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में शासकीय कन्या महाविद्यालय मंदसौर के प्राध्यापकों द्वारा विभिन्न विद्यालयों में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालयब बालागुढा



दिगम्बर जैन उच्चतर माध्यमिक विद्यालयब बही चैपाटीब शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालयब पिपलियामण्डीब शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालयब नारायणगढ सी.एम राईज स्कूलब मल्हारगढ आदि का भ्रमण किया गया। उक्त विद्यालयों में उपस्थित छात्राओं की महाविद्यालय के प्राध्यापकों द्वारा महाविद्यालय में होने वाली स्पोर्टसब सेल्फ डिफेंन्सब कॅरियर काउन्सलिंग की जानकारी दी गई। साथ ही छात्राओं ई-प्रवेश प्रक्रियाब महाविद्यालय में उपलब्ध पाठ्यक्रम तथा सुविधाओंब राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020ब छात्राओं हेतु विभिन्न छात्रवृत्ति एवं अन्य शासकीय हितग्राही योजनाओं एवं कन्या छात्रावास के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान कर छात्राओं को स्नातक स्तर पर शासकीय कन्या महाविद्यालय, मंदसौर में प्रवेश के लिए प्रोत्साहित किया। इसके साथ ही स्नातकोत्तर स्तर पर एम.ए इतिहास, समाजशास्त्र एवं अंग्रेजी साहित्य तथा एम.काम में प्रवेश हेतु शासकीय महाविद्यालयब मल्हारगढ एवं शासकीय महाविद्यालयब पिपलियामण्डी में भी स्नातक तृतीय वर्ष की छात्राओं से संपर्क कर प्रवेश हेतु प्रोत्साहित किया। महाविद्यालय की ओर से भ्रमण दल में डा.निरंजन गंगवालब श्री दिलीपसिंह कांदिल का सराहनीय योगदान रहा।

# सड़क हादसे में घायल मादा तेंदुए की उपचार के दौरान मौत

**नीमच, 20 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** दिनांक 16.01.2025 को रात्रि 9:40 बजे सड़क हादसे में घायल मादा तेन्दुआ शावक जिसका घटना स्थल रामपुरा राजस्व क्षेत्र, नायरा पेट्रोल पंप के पास, बीट रामपुरा, वनपरिक्षेत्र रामपुरा, सामान्य वनमण्डल नीमच था। जिस पर एन.टी.सी.ए. नई दिल्ली एवं कार्यालय मुख्य वन्यजीव अभिरक्षक मध्यप्रदेश भोपाल से जारी दिशा निर्देश अनुरूप त्वरित कार्यवाही करते हुये घटना स्थल से घायल तेन्दुए का रेस्क्यू कर प्राथमिक उपचार शासकीय पशुचिकित्सालय रामपुरा व नीमच में कराया गया। घटना स्थल के आसपास की छानबीन की कार्यवाही की गई। घायल तेन्दुए का गहन उपचार शासकीय पशुचिकित्सा महाविद्यालय महू व इन्दौर जू में करवाया गया। घायल तेन्दुए की दिनांक 18.01.2025 को प्रात: 10:10 बजे उपचार के दौरान इन्दौर जू में मृत्यु हो गई। पोस्टमार्टम इन्दौर जू में दिनांक 18.01.2025 को विशेषज्ञ वन्यजीव चिकित्सक डॉक्टर श्री उत्तम कुमार यादव (प्रबंधक इन्दौर जू) द्वारा किया गया। वन्यजीव तेन्दुआ के शरीर के सभी अंग सुरक्षित पाये गये। निर्धारित प्रक्रिया अनुसार तेन्दुए के शवदाह की कार्यवाही दिनांक 19.01.2025 को परिक्षेत्र रामपुरा में वनमण्डलाधिकारी रतलाम -श्री नरेश दोहरे , उपवनमण्डलाधिकारी मनासा -श्री दशरथ अखण्ड, तहसीलदार रामपुरा -श्री मुकेश निगम, स्थानीय जनप्रतिनिधि- श्री अशोक गरासिया व श्री प्रकाश रत्नावत , वन्यजीव विशेषज्ञ - श्री रवि भाभर, शासकीय पशुचिकित्सक रामपुरा व अन्य की उपस्थिति में की गई। उपरोक्त समस्त कार्यवाही की फोटोग्राफी एवं विडियोग्राफी की गई। प्रकरण में वन अपराध प्रकरण दर्ज कर अग्रिम कार्यवाही जारी है।

# खिची श्रम विभाग में विधायक प्रतिनिधि मनोनीत



**मंदसौर, 20 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** मंदसौर विधानसभा क्षेत्र के विधायक श्री विपिन जैन ने श्रम विभाग मंदसौर में विधायक प्रतिनिधि के रूप में कांग्रेस नेता श्री राजेश खिंची को मनोनीत किया है। विधायक श्री जैन ने जिला श्रम अधिकारी को पत्र जारी कर श्रम विभाग मंदसौर में विधायक प्रतिनिधि के रूप में श्री राजेश खिंची को मनोनीत करने का सूचना पत्र जारी किया है।

जारी पत्र के अनुसार श्री राजेश खिंची निवासी मंदसौर को जिला श्रम विभाग मंदसौर में विधायक प्रतिनिधि के रूप में नियुक्त किया है। श्री खिची आगामी समय में जिला श्रम विभाग मंदसौर में होने वाली समस्त बैठकों में विधायक श्री विपिन जैन के प्रतिनिधि के रूप में शामिल होंगे तथा जनहित के विषयों से यहां के अधिकारियों व कर्मचारियों को अवगत करायें। श्री राजेश खिंची कांग्रेस संगठन की रीति नीति के अनुरूप श्रमिकों को उनका हक दिलाने का कार्य भी करेंगे तथा शासन की योजनाओं एवं विधानसभा क्षेत्र की समस्याओं हेतु जिला श्रम अधिकारी से समय-समय पर संवाद करेंगे।

उल्लेखनीय है कि श्री राजेश खिंची वर्तमान में कांग्रेस के जनकूपुरा सेक्टर अध्यक्ष पद पर कार्यरत है तथा पूर्व ब्लॉक कांग्रेस सचिव का दायित्व निभा चुके है।

# नि:शुल्क स्वेटर का वितरण किया

**पिपलियामंडी, 20 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** समर्पण फेन्डगुरप पिपलिया की ओर से शासकीय प्राथमिक विद्यालय आक्यापालरा में विद्यार्थियों का नि:शुल्क स्वेटर का वितरण हुआ। जानकारी रामनिवास पाटीदार ने दी।


## कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी
## जिला-मंदसौर (म.प्र.)

E-mail-cmhotiremds@gmail.com

## ✻ निविदा आमंत्रण सूचना ✻

जिला मंदसौर जिले की समस्त स्वास्थ्य संस्थाओं हेतु जिला मंदसौर में भर्ती मरीजों के उपचार के लिए आवश्यक दवाईयां, कन्ज्यूमेबल, सर्जिकल, सुचर सामग्री एवं अन्य आवश्यक उपकरण क्रय करने हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा दस्तावेज म.प्र. के www.mptenders.gov.in से रुपये 2000/- जमा कर ऑनलाईन क्रय की जा सकती है। निविदा से संबंधित विवरण निम्नानुसार है-

| क्रं. | निविदा पत्रक की उपलब्धता | निविदा पत्रक वेबसाईड www.mptenders.gov.in से रु. 2000/- (रु. दो हजार मात्र) जमा कर डाउनलोडकिया जा सकता है। |
|---|---|---|
| 1 | कार्य अवधि | 01 वर्ष |
| 2 | ई.एम.डी. | रुपये 1,00,000 (एक लाख मात्र) |
| 3 | निविदा प्रपत्र की ऑनलाईन उपलब्धता तिथि | 25 jan 2025 To 17 Feb 2025 |
| 4 | प्री-बिड मीटिंग तिथि व समय | 13 Feb 2025 _ 05.00 PM |
| 5 | निविदा जमा करने की प्रारम्भ तिथि | 25 jan 2025 |
| 6 | ऑनलाईन निविदा जमा करने की अंतिम तिथि व समय | 17 Feb 2025 _ 12.15 PM |
| 7 | तकनीकी निविदा खोलने की तिथि व समय (स्थान मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय जिला-मंदसौर म.प्र.) | 20 Feb 2025 _ 12.30 PM |
| 8 | वित्तीय निविदा खोलने की तिथि व समय | निविदा के तकनीकी मूल्यांकन पूर्ण होने पर (केवल उन्हीं निविदाकारों की वित्तीय निविदा खोली जावेगी जो तकनीकी मूल्यांकन में सफल हुए है) |
| 9 | धरोहर राशि केवल ऑनलाईन प्रस्तुत करें | 01 लाख रुपये |

नोट- तिथि एवं शर्तो में परिवर्तन होने पर कोरिजेण्डम ई-टेण्डर की वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर ही जारी किये जावेंगे।

G-21965/24

यातायात नियमों का रखो ध्यान, दुर्घटनाओं पर लगाओ पूर्ण विराम।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी
जिला-मंदसौर (म.प्र.)


## मंदसौर मंडी भाव

| उपज | आवक बोरी में | न्यूनतम | अधिकतम |
|---|---|---|---|
| मक्का | 61 | 2180 | 2332 |
| उडद | 11 | 4952 | 5699 |
| सोयाबीन | 3904 | 3990 | 4380 |
| गैहु | 1207 | 2900 | 3282 |
| चना | 101 | 5292 | 6081 |
| मसुर | 24 | 4901 | 6000 |
| धनिया | 266 | 5500 | 7590 |
| लहसुन | 13000 | 6051 | 18200 |
| मैथी | 333 | 4301 | 5961 |
| मुंगफली | 1183 | 4100 | 4900 |
| अलसी | 949 | 4201 | 6290 |
| सरसो | 216 | 5400 | 5754 |
| तारामीरा | 0000 | 0000 | 0000 |
| इसबगोल | 30 | 8980 | 12001 |
| प्याज | 8000 | 550 | 2250 |
| कलोंजी | 000 | 00000 | 00000 |
| तुलसी बीज | 7 | 11145 | 14800 |
| डॉलर | 25 | 7000 | 9500 |
| तिल्ली | 40 | 8000 | 10300 |
| जौ | 95 | 2501 | 2650 |
| मटरसुखी | 0000 | 0000 | 0000 |
| असालीया | 90 | 8050 | 9501 |
| चियाबीज | 34 | 11800 | 15500 |


## क्षेत्रीय कार्यालय, मध्यप्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, उज्जैन
## लोक सुनवाई की आम सूचना

सर्व सबंधितों को सूचित किया जाता है कि भारत सरकार पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय नई दिल्ली की पर्यावरण प्रभाव आंकलन अधिसूचना क्रमांक एसओ 1533 दिनांक 14.9.2006 के प्रावधानों के अन्तर्गत M/s Himmat Singh Khejadiya Megha Laterite Quarry (27.140 Ha) For Mining of minerals, Khasra No. 106 Area 27.140 ha. Capacity: ROM is 52173 TPA (Laterite 50179 TPA) and OB/ Waste 1994 TPA at Village Khejadiya Megha Tehsil Suvasara, Distt. Mandsaur (M.P.) के लिए भारत सरकार पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय नई दिल्ली से पर्यावरणीय स्वीकृति प्राप्त करने के अनुक्रम में लोक सुनवाई कराने हेतु म.प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड भोपाल में आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उक्त खदान परियोजना से संबंधित परियोजना का कार्यकारी सारांश हिन्दी व अग्रेजी में साफ्ट कापी सहित का अवलोंकन (1) कार्यालय कलेक्टर मंदसौर (2) कार्यालय जिला पंचायत, मंदसौर (3) कार्यालय जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र मंदसौर (4) कार्यालय ग्राम पंचायत गुराडिया प्रताप जिला मंदसौर (5) अतिरिक्त प्रधान मुख्य संरक्षक, केन्द्रीय पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, केन्द्रीय पर्यावरण भवन लिंक रोड क्रमांक-3, राजयोग भवन के पास ई-5 अरेरा कालोनी भोपाल (6) म प्र प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, पर्यावरण परिसर ई-5 अरेरा कालोनी भोपाल एवं (7) क्षेत्रीय कार्यालय म.प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड 17, भरतपुरी उज्जैन में कार्यालयीन समय में किया जा सकता है तथा इसे बोर्ड की बेवसाइड www.mppcb.nic.in पर भी देखा जा सकता है। जिस किसी व्यक्ति को उक्त प्रस्तावित परियोजना के पर्यावरणीय विषय के संबंध में कोई सुझाव, विचार, टीका टिप्पणी एवं आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह इस सूचना के जारी होने के दिनांक से 30 दिवस के अन्दर क्षेत्रीय अधिकारी, म.प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड उज्जैन जिला उज्जैन (म.प्र.) के कार्यालय में लिखित रूप से कार्यालयीन समय मे प्रस्तुत की जा सकती है। इस प्रस्तावित खदान परियोजना के लिए दिनांक 21.02.2025 को समय प्रात: 11:00 बजे से लोक सुनवाई स्थान-कार्यालय तहसीलदार, तहसील सुवासरा जिला मंदसौर में आयोजित की जायेगी, जिसमे भी सुझाव, विचार, टीका/टिप्पणी एवं आपत्ति दर्ज कराई जा सकती है।

(क्षेत्रीय अधिकारी, उज्जैन)

## क्षेत्रीय कार्यालय, मध्यप्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, उज्जैन
## लोक सुनवाई की आम सूचना

सर्व सबंधितो को सूचित किया जाता है कि भारत सरकार पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय नई दिल्ली की पर्यावरण प्रभाव आंकलन अधिसूचना क्रमांक एसओ1533 दिनांक 14.9.2006 के प्रावधानों के अन्तर्गत M/s Himmat Singh Runija Laterite Quarry (5,635 Ha) For Mining of minerals, Khasra No. 2811, 2812 Area 5.935 ha. Capacity: ROM is 52149 TPA (Laterite 50193 TPA and OB/Waste 1956 TPA) at Village Runija, Tehsil Suvasara, Distt. Mandsaur (MLP.) के लिए भारत सरकार पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय नई दिल्ली से पर्यावरणीय स्वीकृति प्राप्त करने के अनक्रम में लोक सुनवाई कराने हेतु म.प्र. प्रदूषण' नियंत्रण बोर्ड भोपाल में आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उक्त खदान परियोजना से संबंधित परियोजना का कार्यकारी सारांश हिन्दी व अंग्रेजी में साफ्ट कापी सहित का अवलोकन (1) कार्यालय कलेक्टर मंदसौर (2) कार्यालय जिला पंचायत, मंदसौर (3) कार्यालय जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र मंदसौर (4) कार्यालय ग्राम पंचायत रूनिजा जिला मंदसौर (5) अतिरिक्त प्रधान मुख्य संरक्षक, केन्द्रीय पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, केन्द्रीय पर्यावरण भवन लिंक रोड कमांक-3, राजयोग भवन के पास ई-5 अरेरा कालोनी भोपाल (6) म प्र प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, पर्यावरण परिसर ई-5 अरेरा कालोनी भोपाल एवं (7) क्षेत्रीय कार्यालय मप्र प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड 17. भरतपुरी उज्जैन में कार्यालयीन समय में किया जा सकता है तथा इसे बोर्ड की बेवसाइड www.mppcb.nic.in पर भी देखा जा सकता है। जिस किसी व्यक्ति को उक्त प्रस्तावित परियोजना के पर्यावरणीय विषय के संबंध में कोई सुझाव, विचार, टीका टिप्पणी एवं आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह इस सूचना के जारी होने के दिनांक से 30 दिवस के अन्दर क्षेत्रीय अधिकारी. म.प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड उज्जैन जिला उज्जैन (म.प्र.) के कार्यालय में लिखित रूप से कार्यालयीन समय में प्रस्तुत की जा सकती है। इस प्रस्तावित खदान परियोजना के लिए दिनांक 21.02.2025 को समय प्रात: 11:00 बजे से लोक सुनवाई स्थान-कार्यालय तहसीलदार, तहसील सुवासरा जिला मंदसौर में आयोजित की जायेगी, जिसमे भी सुझाव, विचार, टीका/टिप्पणी एवं आपत्ति दर्ज कराई जा सकती है।

(क्षेत्रीय अधिकारी, उज्जैन)

# सीएम हेल्पलाइन शिकायतों के निराकरण के लिए लगातार शिविर लगाए-कलेक्टर



**मंदसौर, 20 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** कलेक्टर श्रीमती अदिती गर्ग की अध्यक्षता में साप्ताहिक अंतर विभागीय समीक्षा बैठक सुशासन भवन स्थित सभागृह में आयोजित की गई। बैठक के दौरान कलेक्टर ने निर्देश देते हुए कहा कि सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के निराकरण के लिए शिविर लगातार लगाए तथा शिकायतों का संतुष्टि पूर्वक निराकरण करें। जन कल्याण अभियान शिविर के दौरान सभी अधिकारी शिविर में पहुंचे तथा पात्र हितग्राहियों को लाभ प्रदान करें। आयुष्मान कार्ड के अंतर्गत जिन लोगों का अभी तक आयुष्मान कार्ड नहीं बना है। उसके लिए सभी नगरीय निकाय वेरिफिकेशन करें तथा जो लोग आयुष्मान कार्ड बनवाने से वंचित रह गए है। उनका वेरिफिकेशन कर कार्ड बनाए। ग्राम पंचायत सहायक सचिव ईकेवाईसी कार्य करें। साथ ही 70 वर्ष से अधिक उम्र के व्यक्तियों के आधार अपडेट करें। आशाओं को भी इस कार्य में लगाए। जल निगम बिना अनुमति के कोई भी सड़क क्षतिग्रस्त न करें। जो सड़क क्षतिग्रस्त की उसको तुरंत ठीक करें। सभी विभाग प्रमुख पेंशन प्रकरणों का तुरंत निराकरण करें। बैठक के दौरान सीईओ जिला पंचायत श्री राजेश कुमार जैन, अपर कलेक्टर श्रीमती एकता जायसवाल, सहित सभी जिलाधिकारी मौजूद थे।

## यातायात : आरटीओ को सुबह 10 बजे पहुंचना होगा कार्यालय

**भोपाल, 20 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** आरटीओ कार्यालय में अधिकारी-कर्मचारियों का वक्त पर न पहुंचना विभाग के अफसरों के लिए भी परेशानी बनता जा रहा है। अधिकारी-कर्मचारियों के समय पर कार्यालय न पहुंचने से आम लोगों को भी परेशान होना पड़ता है। इसलिए अब चेकिंग पॉइंट या किसी बैठक के बहाने समय पर कार्यालय न आने के बहाने बनाने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। इसे लेकर परिवहन विभाग के सचिव मनीष सिंह ने एक पत्र जारी किया है। बगैर कार्यालय आए कोई भी अधिकारी-कर्मचारी फील्ड या बैठक में नहीं जाएंगे।

निर्देश दिए गए हैं कि अब परिवहन विभाग के सभी अधिकारी-कर्मचारी दफ्तर में तय समय सुबह 10 बजे पहुंच जाएं। परिवहन कार्यालय में एक उपस्थिति रजिस्टर रखा जाए, जिसमें सभी अधिकारी-कर्मचारियों की उपस्थिति का सत्यापन रोजाना संबंधित क्षेत्रीय/अति. क्षेत्रीय या जिला परिवहन अधिकारी को करना होगा। विशेष कार्य जैसे टीएल या अन्य बैठक के अलावा चेकिंग में जाने के दौरान इन अफसरों को इस जिम्मेदारी के लिए किसी और को अधिकृत करना होगा। अफसरों को सुबह 10 बजे दफ्तर पहुंचने के बाद ही अन्य कार्यों या बैठकों में शामिल होना चाहिए।



## विधायक मारू ने बच्चों को पर्यावरण व जंगलों के प्रति किया जागरूक

**मनासा, 20 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** मध्य प्रदेश इको पर्यटन विकास बोर्ड और वन परिक्षेत्र मनासा (सामान्य वन मंडल नीमच) द्वारा रुपण माता के स्थान पर विशेष इको कैंप का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में क्षेत्र के विभिन्न स्कूलों के छात्र छात्राओं ने भाग लिया। जिनका उद्देश्य यह था की बच्चों में पर्यावरण और जंगलों के महत्व को समझाना और उनके प्रति जागरूकता फैलाना

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मनासा विधायक अनिरूद्ध माधव मारू ने अपने उद्बोधन में बच्चों को जंगल और पर्यावरण के महत्व के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि, 'पर्यावरण संरक्षण केवल सरकार की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि हर नागरिक का कर्तव्य है। जंगल हमारे जीवन का अभिन्न हिस्सा हैं और हमें इन्हें बचाने की दिशा में सक्रिय प्रयास करने चाहिए।'

**वन विभाग की रही सक्रिय भूमिका**–कार्यक्रम में वन विभाग के कई अधिकारी उपस्थित रहे, जिनमें एस.डी.ओ.दशरथ अखंड, रेंजर शास्वत द्विवेदी, जावद रेंजर विपुल प्रभात, डिप्टी रेंजर कंजार्डा जगदीश भास्कर, और कैलाश वर्मा शामिल थे। वन विभाग के स्टाफ ने बच्चों को जंगल और वन्य जीवन के संरक्षण के बारे में महत्वपूर्ण जानकारियां दीं।

**वन समिति की भागीदारी**–गायरी कूड़ा, पान माता, और सांड बावड़ी की वन समितियों के सदस्य भी इस अवसर पर उपस्थित रहे। पैरालीगल वालेंटियर कमलाशंकर विश्वकर्मा भी उपस्थित थे उन्होंने बच्चों को स्थानीय जंगलों के महत्व और उनके संरक्षण के लिए किए जा रहे प्रयासों के बारे में बताया।

## विद्यार्थी देगें ओलम्पियाड प्रतियोगिता परीक्षा, पांच परीक्षा केन्द्र बनाये

**मंदसौर, 20 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** सरकारी स्कूलों के विद्यार्थियों को बचपन से ही प्रतियोगी परीक्षाओं के लिये तैयार करने के लिए राज्य शिक्षा केन्द्र द्वारा ओलम्पियाड प्रतियोगिता परीक्षा का आयोजन शुरू किया गया है। इसी क्रम में सत्र 2024-25 में जिले के पांच विकासखण्डों में दिनांक 22 व 23 जनवरी 2025 को प्रात: 10 बजे से दोपहर 3.30 बजे तक जिला स्तरीय प्रतियोगिता परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है। इस परीक्षा में 2816 विद्यार्थी ओ.एम.आर. शीट पर ओलम्पियाड परीक्षा देगें। इन सभी बच्चों का चयन जिले भर के 44 जनशिक्षा केन्द्रों पर विकासखण्ड स्तरीय आयोजित परीक्षा से किया गया है। प्रत्येक जनशिक्षा केन्द्र से कक्षा 2 से 8 तक के 64 विद्यार्थियों का चयन किया गया है।

विद्यार्थियों को आने जाने, खाने की व्यवस्था जिला शिक्षा केन्द्र के माध्यम से कराई जायेगी। विद्यार्थी शिक्षकों के साथ परीक्षा देने आयेगें और परीक्षा के पश्चात लौट कर जायेगें ताकि उनकी सुरक्षा के साथ किसी प्रकार का खिलवाड़ न हो।

## अफीम एवं क्षारोद कारखाना नीमच के ऊपर का क्षेत्र नो ड्रोन झोन घोषित

**नीमच, 20 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** जिला मजिस्ट्रेट नीमच श्री हिमांशु चंद्रा द्वारा भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163(1) के अंतर्गत शासकीय अफीम एवं क्षारोद कारखाना नीमच म.प्र.GOAW परिसर के उपर के हवाई क्षेत्र को नो ड्रोन झोन घोषित करने संबंधी प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया गया हैं। यह आदेश तत्काल प्रभाव से प्रभावशील होगा। इस आदेश का उल्लंघन करने वाले व्यक्ति के विरूद्ध भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के अंतर्गत कार्यवाही की जावेगी। उल्लैखनीय है, कि महाप्रबंधक शासकीय अफीम एवं क्षारोद कारखाना नीमच द्वारा अवगत कराया गया कि GOAW नीमच, जीवन रक्षक दवाओं के निर्माण में लगा हुआ हैं। कार्य की संवेदनशीलता और संभावित रूप से खतरनाक प्रकृति को देखते हुए, सुरक्षा में कोई चूक या आकस्मिक ड्रोन गति विधि एक बड़ा जोखिम पैदा कर सकती हैं। इसके अलावा, इंटेलिजेंस ब्यूमरो (आईबी) ने अपनी रिपोर्ट में इस कार्यालय को संबंधित प्राधिकरण से GOAW परिसर के उपर हवाई क्षेत्र को नो ड्रोन झोन घोषित करने के लिए सूचित किया गया हैं।

# हायर एजुकेशन के लिए लोन लिया था, नहीं मिली नौकरी, 7 हजार स्टूडेंट डिफाल्टर

**भोपाल, 20 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** उच्च शिक्षा के लिए बैंकों से शिक्षा ऋण लेने वाले प्रदेश के सात हजार विद्यार्थी ऐसे हैं, जो इसे चुका नहीं पाने के कारण डिफाल्टर घोषित कर दिए गए। बैंक अधिकारियों के अनुसार इसका मुख्य कारण रोजगार नहीं मिलना है। वित्तीय वर्ष 2019-20 से वर्ष 2023-24 के बीच पांच वर्षों में प्रदेश में 73,504 विद्यार्थियों ने उच्च शिक्षा के लिए बैंकों से ऋण लिया। इस अवधि में 7,294 विद्यार्थी ऐसे भी मिले, जो बैंकों का ब्याज, ऋण चुकाने में डिफाल्टर रहे।

**इतने युवाओं को मिला रोजगार**–इन पांच वर्षों में 395 विद्यार्थी ऐसे भी रहे, जिन्होंने एक करोड़ रुपये से अधिक का शिक्षा ऋण लिया। प्रदेश में बेरोजगारों की स्थिति देखें तो पिछले वर्ष के विधानसभा के शीतकालीन सत्र में एक प्रश्न के जवाब में सरकार ने बताया था कि रोजगार पोर्टल पर 20 नवंबर, 2024 तक प्रदेश में कुल 26,17,945 बेरोजगार पंजीकृत थे और बीते एक साल में 58,351 युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार मिला।

**स्थिति बेहद चिंताजनक**–आंकड़े बता रहे हैं कि बेरोजगारों की तुलना में रोजगार सृजन की स्थिति बेहद चिंताजनक है। वर्ष 2023-24 में एक प्रकरण ऐसा आया, जिसमें ऋण लेने वाले एक विद्यार्थी अमित खातरकर की पढ़ाई के दौरान मृत्यु होने पर राज्य शासन द्वारा नौ लाख 82 हजार 567 रुपये अनुदान देकर उसका ऋण खाता बंद कराया गया।

**डिफाल्टर होने के बाद भी आगामी ऋण के लिए होती है पात्रता**–डिफाल्टर होने का मतलब यह नहीं कि विद्यार्थी भविष्य में बैंक से ऋण की पात्रता खो देता है। पढ़ाई पूरी करने के बाद यदि छात्र ऋण नहीं चुका पाता है तो एक निश्चित समय अवधि के बाद उसे डिफाल्टर किया जाता है, लेकिन यदि छात्र एक या दो साल बाद नौकरी लगने पर बैंक में सैटलमेंट करना चाहता है, तो उसका नाम डिफाल्टर की सूची से हटा दिया जाता है। वह भविष्य में ऋण लेने के लिए पात्र भी रहता है। इसके लिए विद्यार्थी का सिबिल स्कोर देखा जाता है। विद्यार्थी के भविष्य को ध्यान में रखकर कई बार बैंक द्वारा उन्हें विभिन्न योजनाओं के तहत रियायतें भी दी जाती हैं।

**अशिक्षित बेरोजगारों की तुलना में पढ़े-लिखे बेरोजगार अधिक**–चौंकाने वाली यह भी है कि मध्य प्रदेश में अशिक्षित बेरोजगारों की तुलना में पढ़े-लिखे बेरोजगार अधिक हैं। वर्ष 2024 में 52,017 अशिक्षित बेरोजगार दर्ज थे, तो इनकी तुलना में 25,30,742 शिक्षित बेरोजगार का दंश झेल रहे हैं।

## प्रदेश की आदर्श मंडी में किसानों के साथ धोखाधड़ी

### बोरे के वजन में 500 ग्राम की हेराफेरी, हम्माली के नाम पर 3 रुपए वसूले जा रहे

**मंदसौर, 20 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** प्रदेश की सबसे बड़ी मंडियों में से एक मंदसौर की आदर्श कृषि उपज मंडी में अव्यवस्था थमने का नाम नही ले रही हैं। अब किसानों के साथ बड़ी धोखाधड़ी का खुलासा हुआ है। मंडी में किसानों की उपज की तुलाई के दौरान जूट के बारदान का वजन वास्तविक वजन से दोगुना काटा जा रहा है। जहां बारदान का वास्तविक वजन 500 ग्राम है, वहां व्यापारी एक किलो वजन काट रहे हैं।

इस धोखाधड़ी का खुलासा तब हुआ जब किसानों ने कांग्रेस नेता दीपक गुर्जर को इसकी शिकायत की। मौके पर पहुंचे कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने खुद बारदान का वजन करके देखा। इस गड़बड़ी से प्रति क्विंटल उपज पर किसानों को 500 ग्राम का नुकसान हो रहा है। उदाहरण के लिए अगर किसी किसान की 10 क्विंटल उपज 15 हजार रुपए प्रति क्विंटल के भाव से बिकती है, तो उसे 750 रुपए का सीधा नुकसान होता है। इसके अलावा किसानों से हम्माली के नाम पर प्रति बोरी 3 रुपए अतिरिक्त वसूले जा रहे हैं। कांग्रेस नेताओं ने मंडी प्रशासन को चेतावनी दी है कि अगर इस मामले में कार्रवाई नहीं की गई तो वे मंडी पर ताला लगा देंगे।

**इनका कहना...**

मंडी निरीक्षक जगदीश भाबर ने जांच की और पाया कि कुछ बारदानों का वजन 800 से 850 ग्राम के बीच है, लेकिन व्यापारी गलत तरीके से एक किलो वजन काट रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस मामले में संबंधित व्यापारियों को नोटिस जारी किया जाएगा।



## टीबी मुक्त निक्षय शिविर का आयोजन गरनाई में हुआ

**मंदसौर, 20 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** कलेक्टर श्रीमती अदिती गर्ग के मार्गदर्शन में जिले में मुख्यमंत्री जनकल्याणकारी शिविर व निक्षय शिविर के अंतर्गत 100 दिवसीय टीबी मुक्त रथ ग्राम गरनाई में भ्रमण किया गया। स्वास्थ्य विभाग मंदसौर के श्री जगदीश खींची द्वारा टीवी के बारे में जागरूक किया और उन्होंने बताया कि टीवी से कैसे बचा जाए एवं टीवी के क्या लक्षण होते है। चलने में सांस भर आना, लगातार खांसी चलना, भूख नहीं लगाना, वजन कम होना, रात को पसीना आना, रात्रि में बुखार आना यह टीबी के लक्षण हो सकते हैं।

ग्राम वासियों से उन्होंने कहा कि हमारे द्वारा नि: शुल्क एक्सरे किया जा रहा, आप सभी को अपना एक्सरे करावाना जरूरी है। कलेक्टर श्रीमती अदिती गर्ग का लक्ष्य है कि कोई भी गांव का व्यक्ति आयुष्मान से वंचित न रहें और 70 वर्ष के सभी ग्राम वासियों को आयुष्मान कार्ड जरूर बनवाना हैं। निक्षय शिविर में सरपंच श्री मांगीलाल डांगी, स्वास्थ्य विभाग डॉ. सुनील मुजल्दा, सुपरवाइजर श्री प्रभु लाल धनगर, एक्सरे टेक्निशियन श्री महेश सिंगाडिया, डॉ. सीताराम गौड़, एक्सरे टेक्निशियन श्री महेश सिंगाडिया, श्री अनिल शर्मा, श्रीमती ललिता, आशा सहयोगिनी, आशा कार्यकर्ता सभी उपस्थित थे।

## श्रीराम जन्मभूमि मंदिर की प्रथम वर्षगांठ पर श्री बड़े बालाजी मंदिर पर मनेगा उत्सव

**मंदसौर, 20 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** अयोध्या के श्रीराम जन्मभूमि मंदिर की पहली वर्षगांठ पर पुराना बस स्टेण्ड स्थित श्री बड़े बालाजी मंदिर पर भव्य उत्सव 22 जनवरी को धूमधाम से मनाया जाएगा।



उक्त जानकारी देते हुए मंदिर समिति के अध्यक्ष पंडित दिलीप शर्मा व प्रवक्ता रवि ग्वाला ने बताया कि हम सौभाग्य शाली हैं कि श्री राम मंदिर पुनर्निर्माण के हम सभी साक्षी बने। प्रथम वर्षगांठ पर बड़े बालाजी मंदिर में आकर्षक साज सज्जा की जायेगी व मंदिर विद्युत रोशनी से जगमगायेगा। मंदिर समिति 22 जनवरी की संध्या 7 बजे महाआरती पश्चात् महासुन्दरकाण्ड का आयोजन ख्यातनाम भजन गायक राजू मस्ताना मंडली द्वारा किया जाएगा। तथा सायं 7 बजे से 500 क्विंटल हलवा प्रसादी का वितरण सभी भक्तों में किया जाएगा। उक्त उत्सव में सम्मिलित होने का आग्रह समिति के सदस्यगण विनय दुबेला, नरेश चंदवानी, दिनेश जोशी (ऊँशांति), अनिल कियावत, चौथमल शर्मा, सज्जनलाल खमेसरा, नारायण पालीवाल, अनिल सुराह, महेन्द्रसिंह सिसोदिया, हेमन्त सुरा, शिवशंकर सोलंकी, कपिल सोलंकी, राजाराम तंवर, जीवनलाल गोसर, वरदीचंद कुमावत, मुन्ना बैटरी, विनोद रूनवाल आदि ने सभी बालाजी भक्तों से कार्यक्रम में उपस्थित होने की अपील की है।




**जय श्री श्याम**– महाराष्ट्र के अकोला से खाटूश्याम जी तक लगभग 1100 किलोमीटर की खाटूश्याम रथ यात्रा मंदसौर शहर के प्रमुख मार्गो से निकली। इस दौरान यात्रियो द्वारा 'हारे का सहारा खाटू श्याम हमारा' और जय श्री श्याम जैसे गगनभेदी जयकारे लगाए।

## श्रीमती पाटीदार 26 को करेंगी ध्वजारोहरण

**मंदसौर, 20 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** सीओ जिला पंचायत द्वारा बताया गया की 26 जनवरी 2025 गणतंत्र दिवस के अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष, श्रीमती दुर्गा डॉ. विजय पाटीदार द्वारा प्रात: 8 बजे जिला पंचायत कार्यालय मे ध्वजारोहण किया जावेगा।

# हेमन्त शर्मा बने मप्र श्रमजीवी पत्रकार संघ मनासा तहसील के पुन: अध्यक्ष, जिलाध्यक्ष ने की घोषणा

### विनोद धनोतिया रामपुरा, लोकेश पालीवाल जीरन, रामेश्वर नागदा नीमच, आशीष बैरागी जावद, सुरेश साहु सिंगोली तहसील अध्यक्ष नियुक्त

**मनासा, 20 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** प्रदेश में पत्रकारो के सबसे बड़े रजिस्टर्ड संगठन मध्यप्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ नीमच जिला इकाई के जिलाध्यक्ष प्रदीप जैन ने प्रदेश अध्यक्ष सलभ भदौरिया के निर्देशन में व प्रदेश प्रतिनिधि कैलाश राठौर, भरत जाट व कार्यकारी जिलाध्यक्ष चेनसिंह सोलंकी, जिला महासचिव अविनाश जाजपुरा की सहमति से व प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार नीमच जिले में तहसील अध्यक्षो की नियुक्ति की। जिसमें हेमन्त शर्मा को मनासा, विनोद धनोतिया रामपुरा, लोकेश पालीवाल जीरन, रामेश्वर नागदा नीमच, आशीष बैरागी जावद, सुरेश साहु सिंगोली के तहसील के अध्यक्ष मनोनीत किए गए हैं।



ज्ञात हो कि मनासा तहसील के हेमन्त शर्मा वरिष्ठ व अनुभवी पत्रकार है। वे पत्रकार हित मे सदैव सक्रिय, संगठन में एकीकरण हेतु सेवारत रहते है। शर्मा की कार्यकुशलता को देखते हुए हेमंत शर्मा को म.प्र. श्रमजीवी पत्रकार संघ के शीर्ष नेतृत्व ने पुन: मनासा तहसील अध्यक्ष पर पर नियुक्ति दी है। हेमंत शर्मा को मनासा तहसील अध्यक्ष पर नियुक्ति मिलने से नरेन्द राठौर संजय व्यास भरत कनेरिया मंगल गोस्वामी दिलीप बोराना सुरेश कुमावत नरेन्द कुशवाह कुंजबिहारी सिंह कुशवाह मंगल कुशवाह राकेश गुर्जर नमन यति मनीष जोलानिया राकेश शर्मा प्रकाश छत्तरानी मुकेश शर्मा सलीम कुरैशी गोपालदास बैरागी, सतीश खाबिया, प्रकाश एस. जैन, महेश मोनू मोदी, मुकेश ढ्बकरा, शांतिलाल शर्मा, रमेश गुर्जर, डॉ. बबलू चौधरी, प्रजापालसिंह हाड़ा, प्रदीप मौर्य सहित मनासा तहसील के समस्त पत्रकार साथियो में हर्ष है। सभी ने हेमंत शर्मा को मनासा तहसील अध्यक्ष बनने पर बधाई दी व उज्वल भविष्य की कामना की।

**कार्यालय अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी मंदसौर (मप्र)**

क्रमांक मंदसौर

**विज्ञप्ति**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि वाहन क्रमांक एमपी 14 एमएल 5955 जो कि परिवहन कार्यालय मंदसौर में अर्जुन पिता भागीरथ शर्मा, निवासी खेड़ा, जिला मंदसौर के नाम से पंजीकृत है।

यह सूचित किया जाता है कि वाहन स्वामी की मृत्यु दिनांक 26.05.2018 को हो चुकी है इसलिए उक्त मोटर सायकल का अंतरण अपने नाम से करने हेतु उनकी पत्नी श्रीमती शारदा पति अरुण शर्मा निवासी-खेड़ा, तहसील सीतामऊ, जिला मंदसौर ने इस कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत किया है। इस संबंध में जिस व्यक्ति को आपत्ति हो वह विज्ञप्ति प्रकाशन के सात दिवस के अंदर इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि के पश्चात प्रस्तुत किसी आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा। अंतरण आवेदक के नाम पर कर दिया जावेगा।

**अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी, मंदसौर**

**कार्यालय सम्पदा प्रबंधक**
**म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल मंदसौर**
**नामान्तरण –सूचना**

मण्डल की आवासीय कॉलोनी दलौदा जिला मंदसौर स्थित भूखण्ड क्रमांक MIG.I-48 श्री सुनील कुमार जैन पिता श्री मोतीलाल जैन मण्डल आदेश क्रमांक 1022 दिनांक 19.05.2008 द्वारा आवंटित किया गया था। उक्त भूखण्ड का पट्टाभिलेख दिनांक 10.07.2014 को उप-पंजीयक कार्यालय में पंजीयन निष्पादित करवाया गया था। श्री सुनील कुमार जैन पिता श्री मोतीलाल द्वारा उक्त भूखण्ड का विक्रय श्री राकेश सिंह केलवा पिता भंवर सिंह केलवा, जितेन्द्र शर्मा पिता श्री भागीरथ शर्मा एवं श्री गोपाल दुबे पिता श्री नंदकिशोर दुबे को कर विक्रय पत्र दिनांक 27.03.2019 इनके पक्ष में संयुक्त रूप से पंजीयन निष्पादित करवाया गया था। इनके द्वारा उक्त भूखण्ड का विक्रय श्री नरेन्द्र कुमार शर्मा पिता श्री दुर्गाशंकर शर्मा को कर विक्रय पत्र दिनांक 21.11.2024 इनके पक्ष में पंजीयन निष्पादित करवाया गया था। उक्त विक्रय पत्रों एवं प्रस्तुत दस्तावेजो के आधार पर उक्त भूखण्ड का नामान्तरण श्री नरेन्द्र कुमार शर्मा पिता श्री दुर्गाशंकर शर्मा अपने नाम पर करवाना चाहते है।

अत: इस सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति/संस्था/परिवार के सदस्य/वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति/उर्ज हो तो वह विज्ञापन प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस में मय ठोस प्रमाण के कार्यालय में प्रस्तुत करे समयावधि व्यतीत हो जाने पर उक्त भूखण्ड का नामांतरण श्री नरेन्द्र कुमार शर्मा पिता श्री दुर्गाशंकर शर्मा के नाम से कर दिया जावेगा उसके पश्चात कोई भी दावा/आपत्ति/उर्ज मान्य नही होगा।

(रिपुदमन सिंह चंद्रावत) सम्पदा प्रबंधक
म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल मंदसौर (मप्र)

**कार्यालय नगर परिषद मनासा, जिला-नीमच (म.प्र.)**

क्रमांक-104/2025 मनासा, दिनांक-17.01.2025

**✻ दुकान आवंटन हेतु ई-निविदा आमंत्रण सूचना विज्ञप्ति ✻**

एतद् द्वारा समस्त केन्द्रीयकृत प्रणाली एवं नवीन पंजीकृत प्रणाली के अंतर्गत नगर परिषद मनासा के स्वामित्व की सब्जी मंडी में निर्मित प्रथम तल की दुकानों की नीलामी निर्धारित शर्तो एवं म.प्र. नगरपालिका (अचल संपत्ति अंतरण) नियम 2016 के अंतर्गत प्रीमियम के उच्चतम ऑफर प्रस्तुत करने वाले व्यक्ति को (राईट ऑफ आक्युपेशन) के आधार पर तीस वर्ष की अवधि के लिए अधिकतम प्रीमियम राशि के 0.5 प्रतिशत वार्षिक लीजरेंट राशि प्राधिकारी की सक्षम स्वीकृति उपरांत किया जाना है। निम्नलिखित दुकानों की लीजरेंट नीलामी हेतु ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्रं. | ऑनलाईन निविदा क्रमांक | दुकान का स्थल | दुकान नं. क्रं. | दुकान का आरक्षण | दुकान का आकार (वर्ग मी.में) | दुकान की प्रस्तावित प्रीमियम रुपये | दुकान की अग्रीम राशि | नीलामी फार्म शुल्क |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2025_UAD_396949_1 | मनासा में सब्जी मंडी में निर्मित प्रथम तल की दुकान नीलामी | 01 | अनारक्षित | 4.5 | 204441/- | 5100/- | 2000.00 |
| 2 | 2025_UAD_396952_1 | | 02 | अनारक्षित | 09 | 577218/- | 14500/- | |
| 3 | 2025_UAD_396956_1 | | 03 | अनारक्षित | 09 | 577218/- | 14500/- | |
| 4 | 2025_UAD_396957_1 | | 04 | अनारक्षित | 09 | 577218/- | 14500/- | |
| 5 | 2025_UAD_396958_1 | | 05 | अनारक्षित | 09 | 577218/- | 14500/- | |
| 6 | 2025_UAD_396961_1 | | 06 | अनारक्षित | 09 | 577218/- | 14500/- | |
| 7 | 2025_UAD_396963_1 | | 07 | अनारक्षित | 09 | 577218/- | 14500/- | |
| 8 | 2025_UAD_396966_1 | | 08 | अनारक्षित | 09 | 577218/- | 14500/- | |
| 9 | 2025_UAD_396968_1 | | 09 | अनारक्षित | 09 | 577218/- | 14500/- | |
| 10 | 2025_UAD_396971_1 | | 10 | अजा/अजजा | 09 | 577218/- | 14500/ | |
| 11 | 2025_UAD_396972_1 | | 11 | अ.पि. वर्ग | 09 | 577218/- | 14500/- | |
| 12 | 2025_UAD_396973_1 | | 12 | अनारक्षित | 09 | 577218/- | 14500/- | |
| 13 | 2025_UAD_396988_1 | | 13 | अनारक्षित | 09 | 577218/- | 14500/- | |
| 14 | 2025_UAD_396998_1 | | 14 | अनारक्षित | 09 | 577218/- | 14500/- | |
| 15 | 2025_UAD_397000_1 | | 15 | अनारक्षित | 09 | 577218/- | 14500/- | |
| 16 | 2025_UAD_397001_1 | | 16 | सामान्य महिला | 09 | 577218/- | 14500/- | |

शर्ते - 1. ऑनलाईन दुकान नीलामी निविदा प्रपत्र दिनांक 18.01.2025 से दिनांक 03.02.2025 सायं 18.00 बजे तक क्रय किये जा सकते है।
2. ऑनलाईन बीड सबमिट करने की अंतिम दिनांक 03.02.2025 समय - 18.00 बजे निर्धारित है।
3. समय-समय पर शासन/नगर परिषद द्वारा जारी दिशा/निर्देशों का पालन करना होगा।
4. निविदा में किसी भी प्रकार का संशोधन केवल वेबसाईट www.mptenders.gov.in पर किया जावेगा। पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।
5. आरक्षित दुकान के निविदाकार को आरक्षण संबंधी सर्टिफिकेट प्रस्तुत करना होगा।
6. म.प्र. नगरपालिका (अचल सम्पत्ति अंतरण) नियम 2016 के अंतर्गत समस्त शर्तो का पालन करना अनिवार्य होगा।
7. दुकान के वित्तीय ऑफर ऑनलाईन प्राप्त किये जायेंगे।

(श्री रितेशकुमार पाटीदार) मुख्य नगरपालिका अधिकारी नगर परिषद मनासा
(श्री किशोर जोलानिया) उपाध्यक्ष नगर परिषद मनासा
(श्रीमती अर्चनाजी झंवर) राजस्व एवं बाजार सभापति नगर परिषद मनासा
(डॉ. सीमा अजय तिवारी) अध्यक्ष नगर परिषद मनासा

स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, प्रकाशक, मुद्रक आशुतोष नवाल के लिए गुरु मीड्यिा एण्ड इंटरटेनमेन्ट कम्पनी, शक्ति नगर मन्दसौर से मुद्रित एवं 77 लक्ष्मीनगर, वेदान्त विहार मन्दसौर से प्रकाशित। (हर प्रकार के विवाद का न्याय क्षेत्र मन्दसौर रहेगा) संपादक– आशुतोष नवाल RNI-MPHIN2006/20356
समाचार पत्र में छपे विज्ञापनों के लिए समाचार पत्र उत्तरादायी नहीं है एवं विज्ञापनो में प्रकाशित विचार विज्ञापनदाता की निजी राय है। इससे समाचार पत्र का कोई संबंध नहीं है। फोन 313880, मो. 9425105927,28 ashugurumds@gmail.com, ashu_guru2@yahoo.co.in